भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1822

17 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

कुंभकोणम में महामहम उत्सव

1822 श्री एस. कल्याणसुन्दरमः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क्या सरकार की कुंभकोणम में आगामी महामहम महोत्सव के लिए शहरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने हेतु कोई धनराशि आवंटित करने की कोई योजना है यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

जी, नहीं। सातवीं और बारहवीं अनुसूचियों के साथ-साथ संविधान के अनुच्छेद 243ब के उपबंधों के अनुसार, शहरी विकास से संबंधित मामले राज्यों/शहरी स्थानीय निकायों के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। हालाँकि, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय अपने विभिन्न प्रमुख मिशनों/कार्यक्रमों जैसे अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत और अमृत 2.0), प्रधान मंत्री आवास योजना- शहरी (पीएमएवाई-यू एवं पीएमएवाई-यू 2.0), स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) आदि के माध्यम से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनके शहरी विकास एजेंडे में सहायता प्रदान करता है।

*****